**APPLY ONLINE**

**विज्ञापन संख्या** - 02/BPNL/2022-23 (**हिंदी में**)

# आवश्यकता

## (एक ग्राम पंचायत - एक रोजगार अभियान के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु)

निगम द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राम पंचायतों में पशुपालक उन्नति केंद्र संचालन हेतु **डेयरी फील्ड असिस्टेंट** पदों पर भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित किए जा रहे है। प्रशिक्षण में विभिन्न नस्ल के पशुओं की पहचान, दुग्ध गुणवत्ता की जाँच करना, दुग्ध के नमूने इक्कठे करना, आधुनिक तकनीक से स्टेरलाइज्ड टोंड एवं डबल टोंड दूध तैयार व पैकिंग करना, बटर, घी व अन्य डेयरी उत्पाद तैयार करना, डेयरी के लिये फीड व चारा तैयार करना, पशु आवास प्रबंधन, पशुओं को नियंत्रित करने के तरीके, पशु स्वास्थ्य एवं रोग प्रबंधन, पशु आवास बनावट, पशु पोषण, नस्ल सुधार एवं प्रजनन रोग निदान, डेयरी फॉर्म व्यवसाय योजना, बीमारियों की रोकथाम व प्राथमिक उपचार आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम व उद्यमिता निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा |

| क्र. स. | पद एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | पद संख्या | आयु सीमा (वर्ष में) | ☆ मासिक आय प्रति माह (प्रशिक्षण पश्चात) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन डेयरी मैनेजमेंट (DDM) | प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक | 18-40 | 25,000/- |

☆ कार्य दायित्व के अनुसार कार्य करने पर प्रतिमाह भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा पच्चीस हजार (25,000 /-) मासिक प्राप्त होगा।

नोट :- मासिक लक्ष्य प्राप्त नहीं करने पर मासिक आय में आनुपातिक कटौती की जायेगी | निगम द्वारा संचालित पशुपालक उन्नति केंद्र पर मेरे द्वारा पशु पोषण एवं स्वास्थ्य पंजिका से प्रतिदिन 5 पशुपालकों को पंजीकृत करवाना अनिवार्य है | पशुपालक उन्नति केंद्र में प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्य पर प्राप्त किये गये अधिक लक्ष्य का 10% लाभांश अतिरिक्त देय होगा |

### 1. <u>पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता</u> -

- भारत में विधि द्वारा स्थापित व किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्था से 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण ।
- आवेदक अच्छे स्वास्थ्य एवं उत्तम चरित्र का होना चाहिए।
- 30 प्रतिशत से अधिक विकलांगता की श्रेणी में आने वाले आवेदक आवेदन के पात्र नहीं है।
- जिन आवेदको ने पूर्व में पैरावेट प्रशिक्षण सर्टिफिकेट एवं पशुधन डिप्लोमा किया हुआ हैं वो आवेदक भी आवेदन के पात्र नहीं हैं।

**2. <u>आवेदन शुल्क व प्रशिक्षण शुल्क राशि</u> -**

- रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 /- (अप्रतिदेय)
- प्रशिक्षण में प्रवेश पर प्रशिक्षण शुल्क राशि प्रथम किस्त- 25000/- (नियमानुसार वापसी योग्य)
- प्रशिक्षण के तीन माह बाद प्रशिक्षण शुल्क राशि द्वितीय किस्त 20,000 /- (नियमानुसार वापसी योग्य)
- द्वितीय किस्त के तीन माह बाद प्रशिक्षण फीस की तृतीय किस्त :- 17000/- (नियमानुसार वापसी योग्य)

**विशेष** : प्रशिक्षण के पश्चात् नियमानुसार कार्य करने पर निगम की ओर से मासिक आय 25,000 /- रूपये देय होगी इसके अंतर्गत पशुपालक उन्नति केंद्र पर नियमानुसार एवं लक्ष्यानुसार न्यूनतम एक वर्ष तक कार्य करने पर प्रशिक्षण हेतु जमा राशि 62,000/- रूपये की वापसी निगम द्वारा की जाएगी | प्रशिक्षण शुल्क राशि वापसी चाहने हेतु संलग्न प्रशिक्षण शुल्क राशि वापसी का आवेदन भी प्रस्तुत करे |

- परीक्षा शुल्क 1000 /-( प्रति परीक्षा) (अप्रतिदेय)

3. **<u>प्रशिक्षण अवधि</u>** - 12 माह ( सैद्धांतिक व प्रायोगिक)

4. **<u>डेयरी फील्ड असिस्टेंटके कार्य दायित्व</u> -**

1. निगम में डिप्लोमा इन डेयरी मैनेजमेंट (DDM) प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद निगम द्वारा संचालित पशुपालक उन्नति केंद्र पर कार्य करना होगा |
2. निगम द्वारा संचालित पशुपालक उन्नति केंद्र पर पशु पोषण एवं स्वास्थ्य पंजिका से प्रतिदिन 5 पशुपालकों को पंजीकृत करवाना अनिवार्य है |
3. पशुपालक उन्नति केंद्र के माध्यम से निगम के कार्ड धारी पशुपालको को नि:शुल्क प्राथमिक उपचार सेवायें प्रदान करना |
4. ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रतिमाह सशुल्क 30 प्राथमिक पशु उपचार के कार्य को करना है |
5. 1 वर्ष तक निगम के पशुपालक उन्नति केंद्र पर लक्ष्य अनुसार कार्य करने पर निगम द्वारा निम्न योजनाएं शुरू की जाएंगी जिससे अतिरिक्त आय अर्जित होगी
   - पशुपालक उन्नति केंद्र पर दूध धारा केंद्र की स्थापना जिसके माध्यम से दूध व अन्य डेयरी उत्पादों की बिक्री करना |
   - उच्च कोटि के खाद व बीज की बिक्री करना |
   - निगम के द्वारा निर्मित पशुओं के स्वास्थ्य पोषण से संबंधित अन्य उत्पादों की बिक्री करना |
   - नवीनतम चारा प्रबंधन तकनीकी बारे में किसानों एवं पशुपालकों को अवगत कराना |
   - केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों एवं पशुपालकों के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में अवगत कराना तथा लाभ प्राप्त करने में मदद करना |
   - पशु पालकों को पशुओं की मौसमी बीमारियों से अवगत कराना तथा उपचार पहुंचाने में सहायता करना |

**5. <u>मासिक वेतन व अन्य लाभ</u>:-**

- ग्राम पंचायत में संचालित पशुपालक उन्नति केंद्र का खर्च निगम द्वारा वहन किया जायेगा |

- निगम के कार्य दायित्व के अनुसार कार्य करने पर प्रति माह पच्चीस हजार 25000/- रूपये मासिक प्राप्त होगा|
- पशुपालक उन्नति केंद्र में प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्य पर प्राप्त किये गये अधिक लक्ष्य का 10% लाभांश अतिरिक्त देय होगा |
- कक्षाएं प्रारम्भ होने व प्रथम किस्त जमा कराने पश्चात् प्रशिक्षणार्थी को एक साल के लिए 2.50 लाख (दो लाख पचास हजार) का नि:शुल्क दुर्घटना बीमा जारी होगा |
- निर्धारित लक्ष्य लगातार एक वर्ष तक पूर्ण करने पर निगम की ओर से नियमानुसार एक मोटरसाइकिल प्रदान की जाएगी |

**6. <u>प्रशिक्षण शुल्क राशि वापसी नियम</u> :-**

- प्रशिक्षण में प्रवेश के समय ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रशिक्षण शुल्क राशि वापसी चाहने हेतु आवेदन पत्र 100/- रु के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर जमा करें |
- घोषणा पत्र में दिए गए नियमानुसार एवं लक्ष्यानुसार पशुपालक उन्नति केंद्र पर एक वर्ष कार्य करने पर प्रशिक्षण शुल्क राशि लौटायी जायेगी | उस प्रशिक्षण शुल्क राशि में रजिस्ट्रेशन शुल्क व परीक्षा शुल्क शामिल नहीं है |
- निगम में नियुक्ति नहीं चाहकर केवल प्रशिक्षण प्राप्त करने के एवज में प्रशिक्षण शुल्क राशि नहीं लौटायी जायेगी |
- रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 /- रू जमा कराने के बाद यदि आवेदक द्वारा प्रशिक्षण हेतु चयन रद्द किया जाता है तो यह राशी वापसी देय नहीं है |
- प्रशिक्षण फीस जमा कर देने के बाद प्रशिक्षण में अनुपस्थित रह कर यदि आवेदक द्वारा अपना प्रशिक्षण रद्द किया जाता है तो जमा प्रशिक्षण फीस में से पचास (50) प्रतिशत राशी काट कर शेष राशी वापसी दी जायेगी तत्पश्चात चयन रद्द हो जायेगा |
- अगर उपस्थित होने और प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के प्रथम माह में मेरे द्वारा अपना चयन रद्द करने का आवेदन किया जाता है तो निगम जमा प्रशिक्षण फीस को जब्त कर लेगा |
- दो माह पश्चात् प्रशिक्षण छोड़ने पर सम्पूर्ण प्रशिक्षण फीस पूरी तरह से जब्त कर ली जायेगी |

**7. आवेदन करने का तरीका** -

- निगम की वेबसाइट www.bharatiyapashupalan.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक करें।
- ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन / नियम व शर्तों को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।
- **आवेदन पत्र में सारी जानकारी भरकर फोटो व हस्ताक्षर अपलोड कर सबमिट करें। ऑनलाइन पेमेंट के दिये गये विकल्पों में से किसी एक विकल्प के माध्यम से रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान करें। आवेदक आवेदन पत्र की प्रति व रजिस्ट्रेशन शुल्क** की **प्रति को सुरक्षित रखे। रजिस्ट्रेशन शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने पर आवेदक द्धारा आवेदन के समय भरी हुई ईमेल पर फॉर्म डाउनलोड/प्रिंट का लिंक आएगा, आवेदक वहां से अपना आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकता है।**

- **आवेदक द्धारा प्रशिक्षण के नियम व शर्तों वाले घोषणा पत्र एवं शुल्क वापसी चाहने हेतु प्रार्थना पत्र को 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर प्रिंट करके नोटेरी करवा लें और भरे हुए आवेदन पत्र के साथ सलंग्न कर निगम के जयपुर कार्यालय में रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से भिजवाएं।**
- ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न कर डाक या स्पीडपोस्ट के माध्यम से भिजवायें |

**ऑनलाइन आवेदन प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न किये जाने योग्य दस्तावेज़:-**

- दसवीं कक्षा की अंकतालिका / प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न करें |
- पंजीयन शुल्क जमा रसीद की निगम प्रति संलग्न करें |
- अपने पहचान पत्र/ मूल निवास/आधार कार्ड की प्रति संलग्न करें |
- घोषणा पत्र व सुरक्षा / प्रशिक्षण शुल्क राशि वापसी चाहने हेतु 100/- रुपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर संलग्न करें |

- **आवेदन पत्र को भरते समय अपना पूरा डाक का पता साफ एवं स्वच्छ भाषा में लिख कर, लिफाफे में डालकर नीचे दिये पते पर रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से भिजवाये |**

<u>**आवेदन प्रार्थना पत्र भेजने का पता**</u>

**भर्ती पूर्व प्रशिक्षण हेतु**

**भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड, ए सी 4, गायत्री सदन,**

**जिला परिषद् के सामने, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर, राजस्थान पिन** - 302016

- **रजिस्ट्रेशन शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने पर यदि आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल पर** 24 **घंटे में ईमेल प्राप्त नहीं होता है तो आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल पर प्राप्त रजिस्ट्रेशन शुल्क भुगतान के रेफरेंस नंबर व पेमेंट की दिनांक, अपने नाम एवं मोबाइल नंबर सहित** bharatiyapashupalan@gmail.com **पर ईमेल कर दे।**
- **आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय पूर्णरूप से सावधानी बरती जानी चाहिए तथा ऑनलाइन आवेदन लिंक पर क्लिक करने के बाद सफलतापूर्वक आवेदन के लिए ऑनलाइन सेशन का समय पूरा होने से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए।**
- **निगम द्धारा आवेदक को प्रशिक्षण से सम्बंधित सभी सूचनाएं व जानकारी केवल ईमेल के माध्यम से दी जाएगी, अतः आवेदक द्धारा स्वयं की सही ईमेल आईडी लिखी जानी आवश्यक है।**

8. **प्रशिक्षण में चयन का तरीका -**

- आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात आवेदक द्वारा दी गयी जानकारी एवं दसवीं कक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर चयन की सूचना आवेदक की रजिस्टर्ड मेल आई डी पर भेज दी जायेगी।
- चयनित आवेदक को प्रशिक्षण में चयन की सूचना के साथ प्रशिक्षण फीस की प्रथम किस्त जमा करवाने बाबत सूचना ईमेल के माध्यम से दी जायेगी।

- प्रशिक्षण फीस की प्रथम किस्त ऑनलाइन / ऑफलाइन माध्यम से जमा करानी होगी तथा निगम की प्रति निगम के जयपुर कार्यालय में डाक द्वारा भेजनी होगी।
- प्रशिक्षण की प्रथम किस्त जमा कर निगम की प्रति डाक द्वारा भेजने के पश्चात् आवेदक को काउंसलिंग की सुचना ई मेल / डाक के माध्यम से भेजी जायेगी |
- आवेदक द्वारा प्रशिक्षण की प्रथम किस्त जमा नहीं करवाने पर **डेयरी फील्ड असिस्टेंट** के लिये आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा व रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लौटाया जायेगा |

**8. सामान्य जानकारी -**

- भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है | भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड राजस्थान सरकार के "राजस्थान आई. एल. डी. कौशल विश्विद्यालय" द्वारा अधिकृत है |
- भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड **डेयरी फील्ड असिस्टेंट**जॉब रोल हेतु चयनित आवेदकों को 12 माह का प्रशिक्षण प्रदान करेगा एवं प्रशिक्षण के पश्चात् प्रमाण पत्र दिया जाएगा | प्रशिक्षण में नस्ल के पशुओं की पहचान, दुग्ध गुणवत्ता की जाँच करना, दुग्ध के नमूने इक्कठे करना, आधुनिक तकनीक से स्टेरलाइज्ड टोंड एवं डबल टोंड दूध तैयार व पैकिंग करना, बटर, घी व अन्य डेयरी उत्पाद तैयार करना, डेयरी के लिये फीड व चारा तैयार करना, पशु आवास प्रबंधन, पशुओं को नियंत्रित करने के तरीके, पशु स्वास्थ्य एवं रोग प्रबंधन, पशु आवास बनावट, पशु पोषण, नस्ल सुधार एवं प्रजनन रोग निदान, डेयरी फॉर्म व्यवसाय योजना, बीमारियों की रोकथाम व प्राथमिक उपचार आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा |
- भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा **डेयरी फील्ड असिस्टेंट**प्रशिक्षण के पश्चात सफल प्रशिक्षणार्थी को राजस्थान सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया जाएगा |
- निगम **की** वेबसाइट www.bharatiyapashupalan.com पर दी गई, जानकारी को ही अधिकृत समझे, अन्य किसी भी वेबसाइट या माध्यम के जरिये किये गए व्यवहार के प्रति निगम जिम्मेदार नहीं है | एवं आवेदन सम्बंधित किसी भी सहायता के लिए निगम की हेल्पलाइन - 9351899199 पर संपर्क करे |
- प्रशिक्षण से सम्बंधित सभी अधिकार निगम के पास सुरक्षित है | इस हेतु आवेदनकर्ता का कोई भी ऐतराज़ मान्य नहीं है |
- ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन \ नियम एवं शर्तो को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।
- निगम द्वारा आवेदक को प्रशिक्षण से सम्बंधित सभी सूचनाएं व जानकारी केवल ईमेल के माध्यम से दी जाएगी, अतः आवेदक द्वारा स्वयं की सही ईमेल आईडी लिखी जानी आवश्यक है।
- प्रशिक्षण के बुलावे पर प्रशिक्षणार्थी को दिये गये समय में पहुंचना होगा। प्रशिक्षण के दौरान आवासीय व खाने का खर्चा - प्रशिक्षणार्थी द्वारा स्वयं वहन करना होगा।
- आवेदन करने के पश्चात यदि आवेदक द्धारा अपनी व्यक्तिगत जानकारी(पता, ईमेल अथवा मोबाइल नंबर) में बदलाव किया जाता है तो उसकी सूचना निगम कार्यालय में समय पर ईमेल कर/डाक द्धारा दें।
- कक्षाएं प्रारम्भ होने व प्रथम किस्त जमा कराने पश्चात् प्रशिक्षणार्थी को एक साल के लिए 2.50 लाख (दो लाख पचास हजार) का नि:शुल्क दुर्घटना बीमा जारी होगा |

General Instructions for Application form (आवेदन पत्र के लिए सामान्य निर्देश)

a) Before filling the form read the instructions carefully (फॉर्म भरने से पहले दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें)
b) When filling out the applicant form, fill all the information correctly and essentially, incomplete form is not acceptable (आवेदक फॉर्म भरते समय सभी जानकारी सही और आवश्यक रूप से भरें, अधूरा फॉर्म स्वीकार नहीं किया जायेगा)
c) Write Contact No. and Email ID essentially (मोबाइल न. और ईमेल आई डी आवश्यक रूप से भरें)
d) Applicant Should attain age minimum 18 years to 40 years(आवेदक की उम्र न्यूनतम 18 साल से अधिकतम 40 साल होनी चाहिए)
e) Applicant Should be passed Secondary Exam($10^{th}$) from recognized board or Institution from India (आवेदक भारत की किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्था से सेकेंडरी(10th) उत्तीर्ण होना चाहिए)
f) Applicant Should Attach Self signed mark sheet and Certificate with application form(आवेदक आवेदन पत्र के साथ स्व हस्ताक्षरित अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र लगाए)
g) Read the attached declaration form essentially and do notary of INR 100 as per instructions (सलंग्न घोषणा पत्र को आवश्यक रूप से पढ़ें और निर्देशानुसार 100 रूपए के स्टाम्प पर नोटरी करवाएं)
h) After successful completion of form and payment of application fees, applicant should send the application form with stamp and mark sheet at below address (आवेदक द्वारा फॉर्म भरने और आवेदन राशि पेमेंट करने के बाद आवेदन पत्र को स्टाम्प और अंकतालिका सहित निम्न पते पर स्पीड/रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजें)

**भर्ती पूर्व प्रशिक्षण हेतु**
**भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड, ए सी 4, गायत्री सदन,**
**जिला परिषद् के सामने, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क , जयपुर , राजस्थान पिन** - 302016

Steps to upload scanned photograph and signature (स्कैन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के दिशा निर्देश)

1. Steps to upload photograph (**फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश**)

a) Application can be rejected if photograph and signature are not clear.( फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है)
b) Applicant should upload latest color photo and should not upload mobile or self composed photo.( आवेदक को रंगीन नवीन फोटो अपलोड करनी चाहिए, मोबाइल और अन्य स्व रचित फोटो का उपयोग न करें)
c) The face in the photo of the applicant should take up at least 55 percent. (फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 55 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए)

d) If you wear glasses, then you can wear it at the time of photo click, but flash should not be present on the glasses. (यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है , लेकिन चश्मे पर चमक (फ़्लैश ) नहीं होनी चाहिए

e) Applicant should not wear black or sunglasses in the photo (आवेदक की फोटो में काला या धुप का चश्मा नहीं होना चाहिए)

f) Photo should be in JPEG format (फोटो जेपीईजी(JPEG) प्रारूप में होनी चाहिए,)

g) The size of file should be in between 50 KB to 100 KB (फोटो फाइल का आकार 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए)

h) At the time of admission, photo of applicant should match with the photo in the application form, otherwise candidate can be disqualified. (प्रवेश के समय आवदेन पत्र पर लगी हुई फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है)

2. Steps to upload signature (**हस्ताक्षर अपलोड करने के निर्देश**)

a) Only applicant can sign, and other person's signature will not be valid.( हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा)

b) Only JPEG format will be accepted (केवल जेपीईजी(JPEG) प्रारूप को स्वीकार किया जाएगा)

c) The size of file should be in between 20 KB to 50 KB. (फोटो फाइल का आकार 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए)

d) At the time of admission, signature of applicant should match with the signature uploaded on application form, otherwise candidate can be disqualified (प्रवेश के समय आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है)

**APPLY ONLINE**